होली toons... हमारे कार्टूनिस्ट *अभिषेक तिवारी* की नजर से...

होली के रंग: भारिया बोली का राग है खास पहचान

पातालकोट की होली में टेसू के रंग और टिमकी की थाप पर भारिया गाएंगे फाग

छिन्दवाड़ा जिला मुख्यालय से 75 किलोमीटर दूर प्राकृतिक सौंदर्य और अपनी अनोखी सांस्कृतिक परंपरा के लिए विख्यात पातालकोट की घाटी में इस वर्ष भी होली के मौके पर टेसू के फूलों के रंगों की महक बिखरेगी तो वहीं टिमकी, मृदंग की थाप और झांझर के साथ फगुआ भी सुनाई देंगे। इस फाग में भारिया बोली का राग भी होगा, जिसे केवल यहीं आकर सुना जा सकता है। जमीन से 1700 फीट नीचे स्थित इस स्थल पर 12 छोटे गांव और टोले हैं।

बच्चों की टोली लाती टेसू फूल

होली के दिन बच्चों और युवाओं की टोली सुबह से टेसू के पेड़ों से फूल निकालकर ले आती हैं। महुआ का पेड़ भी पहले ही अपने फूल टपका देता है। इससे घर-घर टेसू से केसरिया रंग निकल आता है और महुआ से परम्परागत शराब। रात्रि में गांव और टोलों में गोबर के कंडे एकत्र होते और फिर महुआ पेय की तरंग में एक से एक फगुआ गायन की बयार चल पड़ती है।

इस बीच होलिका दहन हुआ और सब ने देवों के साथ एक-दूसरे को तिलक लगाया। दूसरे दिन धुरेड़ी की धूम में महिलाओं की टोली फगुआ गाते हुए हर घर पहुँचती है और पुरुषों से भेंट में धन राशि लेती है।
- **मनोहर सोनी**

पिचकारी से छूटी खबर

* मंगल ग्रह पर दिखा एलियन!

धरती पर लाएगा नासा

मंगल ग्रह अरसे से वैज्ञानिकों के साथ ही आमजन के लिए भी कौतूहल का विषय रहा है। इस बीच नासा की ओर से चौंकाने वाला समाचार आया है, क्यूरियोसिटी रोवर ने ग्रह पर एलियन का चित्र भेजा है। इतना ही नहीं चित्र में एलियन अपने यान पर भी जाता दिखाई दिया। नासा एलियन मिलने से उत्साहित है और इसे अमरीका के नेवादा स्थित एरिया-51 में लाकर परीक्षण करने की बात कह रहे हैं, जहां पहले कई एलियन्स को रखा गया है। इसकी जांच से पता चल पाएगा कि एलियन्स की बस्ती और कहां है?

* शाह होंगे यूपी के नए सीएम!

योगी होंगे नए गृहमंत्री

हाल ही चार राज्यों में धमाकेदार जीत दर्ज करने वाली भाजपा ने उत्तरप्रदेश में अमित शाह को नया मुख्यमंत्री चुना है। यह चौंकाने वाला निर्णय मंगलवार को विधायक दल की बैठक के बाद लिया गया। इसके अलावा यूपी में मुख्यमंत्री का चेहरा बनकर चुनाव जीतने वाले योगी आदित्यनाथ देश के नए गृहमंत्री होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केबिनेट बैठक की आपात बैठक बुलाई, जिसमें यह महत्त्वपूर्ण निर्णय लिया गया। अमित शाह को होली के बाद मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाई जाएगी। मोदी पहले भी अपने फैसलों से चौंकाते रहे हैं।

* 65 रुपए लीटर होंगे पेट्रोल के दाम

पेट्रोल में मिलेगा इथेनॉल!

इस होली पर सरकार पेट्रोल के काम करके खास तोहफा देने जा रही है। पेट्रोल के इंजनों को इथेनॉल से नुकसान नहीं पहुंचता। इसीलिए इस बायोफ्यूल को लंबे से पेट्रोल में मिलाने की योजना थी। यह प्रोजेक्ट पूरा हो गया है और सरकार ने आधिकारिक रूप से तेल कंपनियों को पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने की अनुमति दे दी। साथ ही अब तक 107 रुपए प्रति लीटर रहे दाम भी घटकर 65 रुपए लीटर पहुंचने की पूरी संभावना है। (*ये तीनों खबरें हमारे रिपोर्टर ने होली की मस्ती में लिखी हैं और सच का रंग नहीं चढ़ा है। इसलिए इन्हें उसी अंदाज में पढ़ा जाए क्योंकि रियल न मानें, होली है)।

पत्रिका डिजिटल के साथ खुलकर खेलो होली

होली पर मौका है जश्न और धमाल मचाने का। इस बार होली इसलिए भी खास है क्योंकि पूरे दो साल बाद रंगों की बहार खुलकर छाई है। मस्ती-मजाक और रंगों के इस त्योहार में पत्रिका भी आपके साथ है।

पत्रिका डिजिटल पर शेयर करें खुशियां हरी-पीली-नीली-लाल #PatrikaSelfieWithColors के साथ अपने सोशल मीडिया पर अपलोड करें अपनी होली की तस्वीरें व वीडियो और पाएं पत्रिका डिजिटल पर आने का मौका। पत्रिका के साथ होली के रंग वाली तस्वीरें व वीडियो #HoliWithPatrika हैशटेग से अपलोड करें।

काका कहिन

महंगाई....

जन-गण मन के देवता, अब तो आंखें खोल
महंगाई से हो गया, जीवन डांवाडोल
जीवन डांवाडोल, खबर लो शीघ्र कृपालु
कलाकंद के भाव बिक रहे बैंगन-आलू
कहं 'काका' कवि, दूध-दही को तरसे बच्चे
आठ रुपये के किलो टमाटर, वह भी कच्चे
राशन की दुकान पर, देख भयंकर भीर
'क्यू' में धक्का मारकर, पहुंच गये बलवीर
पहुंच गये बलवीर, ले लिया नंबर पहिला
खड़े रह गये निर्बल, बूढ़े, बच्चे, महिला
कहं 'काका' कवि, करके बंद धरम का कांटा
लाला बोले-भागो, खत्म हो गया आटा

यूएन बेचारा....

नाटो ने लड़वा दिया
पड़ी करारी मार
पुतिन और जेलेन्सकी
कोई न माने हार
कोई न माने हार खड़ा
यूएन बेचारा
सिसक रहा यूक्रेन रूस भी
धधका सारा
खून की होली खेल
रुलाया उन कांटों ने
छलनी-छलनी पांव बिखेरे
जो नाटो ने

हॉलीडे....

पप्पू हर रविवार को होली खेलता था। गप्पू ने पप्पू से पूछा, तुम रविवार को होली क्यों खेलते हो...
पप्पू-अरे मैंने पढ़ा है संडे मतलब होलीडे

जरूरी सूचना
होली पर इतने पुराने कपड़े भी मत पहन लेना कि कोई रंग लगाने की बजाय रोटी देकर चला जाए।

ठोको ताली....

ठोको ताली जोर से
आप बनी सरताज
पंजाबी मुंडे कहें
बदल गया है राज
बदल गया है राज
धुरंधर घर बैठे हैं
झाड़ू वाले गली-गली कैसे ऐंठे हैं
सिद्धू जी अब चली गई
सत्ता मतवाली
छाती कूटो बैठ गुरु!
मत ठोको ताली

पॉलिमीम

* इंडियाज गॉट पॉलिटिकल टैलेंट : सस्पेंस थ्रिलर के बाद एक्शन-ड्रामा

फिल्मी और टीवी शो के गठबंधन के साथ

(*मीम्स पर चढ़ा है मस्ती का रंग, रियल न मानें होली है)

सभी चुटकियां : **महेश ओझा**

'बुरा ना मानो होली है'

मोदी जी साबित हुए भाषणवीर महान
मितरों-मितरों बोलकर चलती रही दुकान
चलती रही दुकान ग्राहकों को भरमाए
कैसी भी हो बात सभी में जोश जगाए
विरोधियों के होश ठिकाने लगाए जी
मान गए उस्ताद चतुर निकले मोदी जी

कोरोना ने भर दिया इतना रंज-मलाल
होली पर कैसे कोई मलता रंग-गुलाल
मलता रंग-गुलाल मास्क ने ऐसा मारा
दुल्हन का मुंह देखे कब दूल्हा बेचारा
रंग नहीं अब सेनेटाइजर ही छिड़को ना
फीके सारे रंग कर गया है कोरोना

खांस-खांस कर खेलता रहा मफलरी लाल
अन्ना की बैसाखियां कूदा खूब कमाल
कूदा खूब कमाल लहर भगवंत मान की
चली न चन्नी कैप्टन बादल के निशान की
फोगट पानी-बिजली में
सब वोट फांसकर
जीत गया पंजाब जी देखो
खांस-खांस कर

होली के हुड़दंग सा
किस्मत का है हाल
रोए मां का लाडला
बहना हुई निढाल
बहना हुई निढाल
उतर गए सबके चेहरे
कांगरेस बदहाल पड़े
किस्मत के फेरे
हार से रिश्ते बने
आज दामन चोली के
उड़ गए सारे रंग
देखलो तो होली के

यूपी में फिर आ गया बुलडोजर का राज
नेता सब हारे वहां जीत गए महाराज
जीत गए महाराज सभी का हुआ सफाया
हाथी चाटे धूल न कुछ भी हाथ ही आया
थोड़ा सा अखिलेश हंसे पर बहरूपी में
पड़े मुलायम देखो ना सब ही यूपी में

तीया-पांचा हो
गया मिट गये
सभी कलेश
माया मिली न
रामजी क्या
करता अखिलेश
क्या करता
अखिलेश रो
रहा बैठा पप्पू
कागज की थी नाव चलाया तगड़ा चप्पू
पड़े मुलायम ख्वाब कर गया गड़बड़ चाचा
चला न कोई दांव हो गया तीया-पांचा